राजस्थान पत्रिका

ऐश्वर्या कॉलेज में सेमीनार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जोधपुर. ऐश्वर्या कॉलेज और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के संयुक्त तत्वाधान में पीसीओडी के विशेष संदर्भ में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के निदेशक डॉ. अरूण के. शर्मा मुख्य वक्ता थे। निदेशक भूपेन्द्रसिंह राठौड़, रिसर्च समिति की संयोजक शुचिता सिंह, डॉ अरूण के शर्मा ने विचार व्यक्त किए। सेमीनार की शुरूआत में कॉलेज प्राचार्य डॉ ऋषि नेपालिया ने डॉ अरूण के शर्मा का स्वागत किया। महिला एवं उत्पीडन रोधी समिति की संयोजक नीलिमा अरोड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। रिसर्च समिति की संयोजक शुचिता सिंह ने डॉ अरूण के शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बीबीए की छात्रा गरिमा जैन ने किया ।